दिन– शनिवार दिनांक– 14/02/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा है कि केन्द्रीय बजट में एमएसएमई क्षेत्र के लिए कई घोषणाएं की गई हैं। श्री मांझी आज गयाजी के मानपुर स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र में खरीद और विपणन सहायता कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। श्री मांझी ने कहा कि आज एमएसएमई क्षेत्र कृषि के बाद सबसे बड़ा रोजगार प्रदाता है। उन्होंने कहा कि देशभर में अभी सात करोड़ चालीस लाख से अधिक एमएसएमई इकाईयां सक्रिय हैं और इससे तैंतीस करोड़ से अधिक लोग जुड़े हुए हैं। श्री मांझी ने कहा कि उनका मंत्रालय ओपेन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स जैसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से वैश्विक बाजारों तक सीधी पहुंच बना रहा है। समारोह को विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने भी संबोधित किया।

केन्द्र सरकार ने बिहार की पंचायती राज संस्थाओं के लिए आठ सौ दो करोड़ रूपये से अधिक की राशि जारी कर दी है। यह राशि पन्द्रहवें वित्त आयोग की दूसरी किस्त के रूप में प्राप्त हुई है। इसके अलावा केन्द्र की ओर से तीन प्रखंड समितियों और सात ग्राम पंचायतों के लिए पहली किस्त के रोके गये हिस्से के रूप में एक करोड़ उनतालीस लाख रूपये भी प्राप्त हुये हैं। इस प्रकार केन्द्र से कुल आठ सौ तीन करोड़ उनासी लाख रूपये की राशि जारी हुई है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज राजगीर में मलमास मेले की तैयारियों की समीक्षा की। श्री कुमार ने इस दौरान गंगा जी राजगीर जलाशय, रोप–वे, ब्रह्मकुंड परिसर सहित अन्य पर्यटक स्थलों के सौंदर्यीकरण कार्यों का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। राजगीर मलमास मेले का आयोजन मई महीने में होगा।

———————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो हजार उन्नीस में पुलवामा हमले में अपनी जान गंवाने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि आने वाली पीढ़ियाँ उनके बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनके अटूट समर्पण को कभी नहीं भूलेंगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी पुलवामा हमले में जान गंवाने वाले जवानों को श्रद्धांजलि दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि आतंकवाद समाज का सबसे बड़ा दुश्मन है और पूरी दुनिया इसके खिलाफ एकजुट है। सात वर्ष पहले आज ही के दिन जम्मू–कश्मीर के पुलवामा जिले में आतंकी हमला हुआ था, जिसमें सीआरपीएफ के चालीस जवान शहीद हो गए थे।

———————————————————————————————

महाशिवरात्रि का त्योहार कल मनाया जायेगा। इसे लेकर पूरे प्रदेश में उत्सव का माहौल है। प्रमुख शिव मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। मंदिरों के आस–पास सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। इधर, राजधानी पटना में शिवरात्रि को लेकर कल आवागमन व्यवस्था में बदलाव किये गए हैं।

———————————————————————————————

पूर्णियां जिले के चंपानगर के रघुनाथपुर नहर के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने ई–रिक्शा में टक्कर मार दी। इस हादसे में पिता–पुत्र समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि तीन अन्य घायल हो गए। घायलों का जीएमसीएच में इलाज चल रहा है।

———————————————————————————————

उर्दू भाषा और साहित्य को बढ़ावा देने तथा इसके प्रचार–प्रसार के लिए उर्दू निदेशालय की ओर से आज औरंगाबाद में फरोग–ए–उर्दू सेमिनार और मुशायरा का आयोजन किया गया।

———————————————————————————————

अररिया जिले के फुलकाहा थाना क्षेत्र के मानिकपुर गांव में मक्के की एक खेत में पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में नेपाली शराब बरामद की है।

———————————————————————————

खगड़िया नगर थाना क्षेत्र के सोनवर्षा मथुरापुर गांव में पिछले दिनों हुई गोलीबारी की घटना में पुलिस ने एक अपराधी को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

जमुई के एस.के. सिंह मेमोरियल स्टेडियम में आज से कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रन शंकरण ने बताया कि प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से एक सौ उनासी पहलवान हिस्सा ले रहे हैं।

———————————————————————————

पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आज से दो दिवसीय राज्य स्तरीय दिव्यांग खेल प्रतियोगिता की शुरूआत हुई। इस प्रतियोगिता में सभी प्रमंडलों के खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं।

———————————————————————————

समाप्त